# विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस चित्र प्रदर्शनी का समापन

**उदयपुर, (कासं)।** विभाजन हमारी देश की स्वतंत्रता के साथ जुडा हुआ एक कभी न भुलाया जा सकने वाला दुखद अध्याय है। विभाजन की विभीषिका विषयक चित्र प्रदर्शनी से उस समय की त्रासदी की मार्मिकता और भीषणता का अनुमान लगाया जा सकता है। स्वतंत्रता का वास्तविक मूल्य समझने के लिए विभाजन की विभीषिका को जानना जरूरी है।

यह विचार राज्यसभा सांसद चुन्नीलाल गरासिया ने बुधवार को केंद्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय, उदयपुर की ओर से विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर राजकीय

■ **स्वतंत्रता का मूल्य समझने के लिए विभाजन की विभीषिका को जानना जरूरी : सांसद चुन्नीलाल गरासिया**

मीरा कन्या महाविद्यालय उदयपुर के सभागार में आयोजित दो-दिवसीय चित्र प्रदर्शनी के समापन के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि नई पीढी को आजादी का इतिहास समझने की बडीआवश्यकता है क्योंकि इससे ही यह जानकारी मिलती है कि आज हम जिस स्वतंत्रता का उपभोग कर रहे हैं, वह कितनी मुश्किल से हमें हासिल हुई है और उसे भविष्य के लिए सुरक्षित रखना क्यों व कितना जरूरी है।



**विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस चित्र प्रदर्शनी का आयोजन हुआ।**


सांसद गरासिया ने कहा कि भारत की संस्कृति वसुधैव कुटुम्बकम का संदेश देती है और दुनिया में हिंदुस्तान ही एकमात्र देश है जो शांति, भाईचारे और सौहार्द की बात करता है। उन्होंने कहा कि हम सबको मिलकर इस देश को मजबूत बनाना है और यह प्रयास करना है कि यह देश विश्व शांति के लिए अग्रणी रूप में संपूर्ण विश्व का नेतृत्व करें। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि समाजसेवी आकाश बागरेचा और सूचना केंद्र के संयुक्त निदेशक डॉ. कमलेश शर्मा ने कहा कि इतिहास को याद करना इसलिए जरूरी होता है कि हम अतीत में की गई अपनी गलतियों को ना दोहराएं । प्रारंभ में सहायक निदेशक रामेश्वर लाल मीणा ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा वर्ष 2021 को प्रति वर्ष 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाये जाने की घोषणा की गई थी। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी का उददेश्य भारत की वर्तमान और भावी पीढ़ियों को विभाजन के दौरान लोगों द्वारा सही गई यातना और वेदना का स्मरण दिलाना है। दो दिन अनेक शिक्षण संस्थानों के छात्र-छात्राओं एवं यूथ - जनप्रतिनिधियों और आइसीडीएस की महिलाओं ने चित्र प्रदर्शनी अवलोकन किया। इस दौरान अनेक प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई। सभी विजेताओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गए ।इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य दीपक माहेश्वरी ने कहा कि देश की एकता अखंडता को बनाये रखने के लिए भारत के हर नागरिक को अपनी भागीदारी निभानी होगी। प्रदर्शनी के समापन समारोह का संचालन सरोज कुमार ने किया एवं आभार एन.एस.एस कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर डॉ. किरण मीणा ने किया।

राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय के सभागार में लगाई गई विभाजन की विभीषिका पर दो दिवसीय प्रदर्शनी का राष्ट्रगान के साथ समापन हुआ।

# नागरिकों को स्वच्छता की महत्वता को समझना होगा : के.के. गुप्ता

**उदयपुर, (कासं)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2 अक्टूबर 2014 राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की भावना के अनुरूप "स्वच्छ भारत मिशन" को जन आन्दोलन बनाकर देश को स्वच्छ बनाने का संकल्प लिया था देश को समृद्ध एवं शक्तिशाली बनाने की दिशा में स्वच्छ बनाना होगा यह कल्पना कर इसे अभियान के रूप में चलाया।

आज राजस्थान के शहर एवं गांव स्वच्छता के नाम से आंसु बहा रहे है आमजन गन्दगी से परेशान ही नहीं बिमारियों से ग्रसित हो रहा है मक्खी मच्छरों ने प्रकोप फैल रहा है शहरों की बात करो तो निकायों ने स्वच्छता को अतिरिक्त कार्य मान लिया है जबकि यह निकायों का मुख्य कार्य है। स्वच्छता के समस्त मशीनरी एवं मैन पावर होने के बाद भी निकायों में गन्दगी की भरमार है सरकारी अधिकारी सोचता है मैं कितने दिन रहूंगा मैं क्यों इस कार्य में लगू दुसरी



**के.के. गुप्ता।**

तरफ जन प्रतिनिधि सोचता मैं दूबारा तो बनूगा नहीं मैं क्यों स्वच्छता कायम करने में अपनी एनर्जी लगाउ। "स्वच्छता" बडा पवित्र नाम एवं काम है जिसे देवी - देवताओं ने भी स्वीकार किया है तथा देश के प्रधानमंत्री एवं राजस्थान के मुख्यमंत्री का भी बहुत प्रिय है। स्वच्छता में पर्यावरण एवं शुद्ध जल भी सम्मिलित है जहां स्वच्छता होगी वहां पर्यावरण भी शुद्ध होगा तथा स्वच्छता में जल स्त्रोत भी स्वच्छ होने से शुद्ध होंगे। आज हम देख रहे हैं कि निकायों द्वारा साजिश पूर्वक पुराने कचरे (लैगेसी वैस्ट) को जलाकर साजिश पूर्वक न केवल सरकार को धोखा दे रहे है अपितृ प्रदूर्षण को दूषित कर आमजन के जीवन से (फैफडों) से खिलवाड कर रहे है जबकि सरकार इसके लिए भारी राशि देकर इसे सीमेन्ट फैक्ट्रियों में ले जाने के लिए पाबन्द कर चूकी है परन्तु मिली भक्ति कर जो गबन किया जा रहा है उसे रोकने की आवश्यकता है। कचरा यार्ड में पडे कचरे पर जब वर्षा का पानी पडता है तो वह पानी जहरीला हो जाता है तथा धरती में रिस-रिस कर चले जाने से धरती के पानी को जहरीला बना देता है। स्वच्छता सीधे-सीधे पर्यावरण एवं शुद्ध जल को भी प्रभावित करती है।

## नदी में डूबा युवक

**डूंगरपुर, (निसं)।** बिछीवाडा थाना क्षेत्र के नीलापानी गांव में दशामाता मूर्ति के विसर्जन के दौरान एक व्यक्ति नदी की गहराई में डूब गया। पुलिस और सिविल डिफेंस के जवानों ने शव को बाहर निकलवाया। घटना के बाद गांव में मातम का माहौल है। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।

बिछीवाडा थाने के एएसआई ने बताया की ओडा छोटा निवासी नाथूलाल पटेल दशामाता की मूर्ति विसर्जन के लिए हथौड गांव में नीलापानी नदी पर गया था। मूर्ति विसर्जन के लिए वह नदी में उतरा और अधिक गहराई में जाने पर डूब गया। जिसे डूबता देख वहां पर मौजूद लोग चिल्लाने लगे, लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका। घटना की सूचना मिलने पर बिछीवाडा थाना पुलिस व सिविल डिफेंस की टीम मौके पर पहुंची। काफी मशक्कत के बाद सिविल डिफेंस टीम ने शव को नदी से बाहर निकाला ।

## शव निकाला

**बांसवाड़ा, (निसं)।** एसडीआरएफ ने पुलिस थाना भूंगडा के अन्तर्गत जगमेरू तालाब में डूबे 55 वर्षीय व्यक्ति के शव को बरामद करने में सफलता प्राप्त की।

बताया जाता है कि 13 अगस्त की सायं साढे छः बजे एक व्यक्ति के डूबने की सूचना मिली थी जिस पर आपदा एवं राहत के लिये एसडीआरएफ जी कंपनी बीकानेर की रिजर्व पुलिस लाईन में तैनात रेस्क्यू टीम रवाना हुई। इस टीम ने स्थानीय प्रशासन एवं सिविल डिंफेंस की टीम के माध्यम से प्रयास किये। तालाब दुर्गम पहाडियों के बीच बना हुआ लगभग तीस फीट गहरा है जिस पर टीम कमांडर को कमांडेंट ने आवश्यक निर्देश दिये।

# पंजाब के राज्यपाल कटारिया कल से उदयपुर प्रवास पर

**उदयपुर, (कासं)।** पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया शुक्रवार 16 अगस्त की शाम 7:10 बजे वायुयान से उदयपुर आएंगे। वे 27 अगस्त तक उदयपुर प्रवास पर रहते हुए विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कटारिया 17 अगस्त को सुबह 9 बजे सर्किट हाउस में जनसुनवाई करेंगे। वे 18 अगस्त की सुबह 8:30 बजे ऋषभदेव पहुंचकर वहां आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में भाग लेंगे। वे वहां से 11:15 बजे लालपुरिया पहुंचेंगे और सलूंबर के दिवंगत विधायक स्व. अमृतलाल मीणा को श्रृद्धांजलि अर्पित कर पुनः उदयपुर आएंगे।

राज्यपाल कटारिया 20 अगस्त की सुबह 9:45 बजे केवड़ा की नाल स्थित हल्दु घाटी पहुंचकर वहां कैक्टस पार्क का शुभारंभ करेंगे। वे यहां से सज्जनगढ़ आएंगे और यहां प्रस्तावित लॉयन सफारी पार्क और रेप्टाइल हाउस के कार्यों का निरीक्षण करेंगे और यहीं पर उदयपुर शहर विधायक ताराचंद मीणा व उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा की उपस्थिति में वन विभाग के अधिकारियों की बैठक लेंगे। कटारिया 24 अगस्त को शाम 7 बजे पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र के शिल्पग्राम स्थित दर्पण सभागार में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। वे 25 अगस्त की सुबह 7:45 बजे वायुयान से जयपुर प्रस्थान करेंगे और वहां आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत कर इसी दिन शाम 6:10 पर पुनः उदयपुर आएंगे।

# राजस्थान विद्यापीठ व स्पीक मेके दिल्ली के बीच हुआ एमओयू

**उदयपुर, (कासं)।** राजस्थान विद्यापीठ डीम्ड टू बी विश्वविद्यालय एवं स्पीक मेके नई दिल्ली के बीच भारतीय शास्त्रीय संगीत को हर घर तक पहुंचाने के उद्देश्य से एमओयू हुआ। विद्यापीठ विश्वविद्यालय की ओर से कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत, रजिस्ट्रार डॉ. तरूण श्रीमाली, पीठ स्थविर डॉ. कौशल नागदा, सहायक कुल सचिव डॉ. धमेन्द्र राजौरा व स्पीक

■ **भारतीय शास्त्रीय संगीत को मिलेगी नयी पहचान : प्रो. सारंगदेवोत**

मेके की ओर से जे.पी. भटनागर, डीके गुप्ता, डॉ. देवेन्द्र सिंह चौहान ने समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किए।

इस अवसर पर प्रो. सारंगदेवोत ने कहा कि विद्यापीठ में हेरीटेज क्लब की स्थापना की जायेगी जिसके माध्यम से विद्यापीठ देश भर के भारतीय संगीत के कला प्रेमियों को मंच प्रदान करेगा जिससे वे अपनी प्रतिभा को आमजन के समक्ष प्रस्तुत कर सकेंगे। भारतीय संगीत हमारी




**राजस्थान विद्यापीठ एवं स्पीक मेके दिल्ली के बीच हुआ एमओयू इस मौके पर प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत व अन्य अतिथि उपस्थित रहे।**

पहचान व धरोहर है इसका संरक्षण करना हम सभी की जिम्मेदारी है। एमओयू के तहत राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के कलाकारों को शहर के विद्यालय एवं महाविद्यालयों में युवाओं के बीच समारोह आयोजित किये जायेंगे। इस अवसर पर भटनागर ने स्पीक मेके की जानकारी देते हुए बताया कि यह एक गैर-राजनीतिक, राष्ट्रीय, स्वैच्छिक संगठन है, जिसकी स्थापना 1977 में डॉ. किरण सेठ द्वारा की गई थी जिन्हे पद्मश्री से भी सम्मानित किया गया था। स्पिक मैके के भारत सहित दुनिया भर में पांच सौ से अधिक चैप्टर हैं। युवा पीढ़ी को भारतीय संस्कृति से जोड़ने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए संस्था देश के कुशल कलाकारों से उन्हें रूबरू करा रही है। इसके तहत भारतीय शास्त्रीय संगीत, नृत्य, लोकगीत, कविता, रंगमंच, पारंपरिक चित्र, शिल्प और योग के कार्यक्रमों को स्कूल व कॉलेजों में आयोजित किया जा रहा है। नए व पुराने कलाकारों को युवाओं से परिचित कराने के लिए बैठक, विरासत, फेस्ट और कंवेंशन आयोजित कराए जायेंगे। इस अवसर पर परीक्षा नियंत्रक डॉ. पारस जैन, डॉ. भवानी पाल सिंह राठौड़, डॉ. अवनीश नागर, डॉ. दिलीप सिंह चौहान, निजी सचिव केके कुमावत, जितेन्द्र सिंह चौहान, डॉ. चन्द्रेश छतलानी, डॉ. आशीष नंदवाना, डॉ. विकास साहु, डॉ. गुणबाला आमेटा, सौरभ सिंह सहित अकादमिक सदस्य उपस्थित थे।

## सार-समाचार

### निःशुल्क जांच शिविर




**उदयपुर, (कासं)।** पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल की ओर से जैन सोशल ग्रुप अनंता,उदयपुर के सदस्यों के लिए के लिए निःशुल्क जॉच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। पीएमसीएच के चेयरमेन राहुल अग्रवाल ने बताया कि इस शिविर में जनरल मेडिसिन विभाग,स्त्री रोग एवं प्रसूति रोग विभाग,वक्ष एवं क्षय रोग विभाग, चर्म रोग विभाग,शिशु रोग विभाग, जनरल सर्जरी, दन्त रोग विभाग, नाक-कान-गला रोग विभाग,नेत्र रोग विभाग के विशेषज्ञ चिकित्सको ने जैन सोशल ग्रुप अनंता के सदस्यों की निःशुल्क जॉच की। शिविर प्रभारी अनिल अग्रवाल ने बताया कि शिविर मे ईकोकार्डियोग्रॉफी, ई.सी.जी.एक्सरे, सोनोग्राफी, मेमोग्राफी, सीबीसी, आरएफटी, एलएफटी, लिपिडप्रोफाइल, टी3,टी4, टीएसएच, आरबीएस,एफबीएस,पीपीबीएस,यूरिक एसिड, पेप स्मीयर, मूत्र की जॉच, विटामिन डी, विटामिन बी12,बीएमडी आदि स्वास्थ्य से संबंधित जॉंचें निःशुल्क की गई। जैन सोशल ग्रुप अनंता की अध्यक्ष डॉ.शिल्पा नाहर ने निशुल्क चिकित्सा शिविर के लिए चेयरमेन राहुल अग्रवाल एवं ऐक्जिक्यूटिव डॉयरेक्टर अमन अग्रवाल का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर जैन सोशल ग्रुप अनंता के प्रदीप बाबेल,महेश नाहर,आनंद ज्योति चोर्डिया,आभा सेठीया,अनिल सेठीया, सुनीता हिंगड,अनिल हिंगड,मंजु नगोटा, नितिन,सोनिका सिंघवी,राजेश , विजय श्रीमाली आदि उपस्थित रहे।


### हमले में युवक घायल

**उदयपुर, (कासं)।** माण्डवा थाना क्षैत्र में आपसी कहासूनी होने पर काका ने तीर से हमला कर चचेरे भतीजे को घायल किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 12 अगसत सांय माण्डवा थाना क्षैत्र कुकावास गांव में आपसी कहासूनी होने पर आवेश में आए कुकावास निवासी मोविया पुत्र वजा बूंबडिया ने तीर से अपने चचेरे भतीजे मणीलाल (35) पुत्र जेता निवासी कुकावास पर हमला कर दिसया। जिससे जंगा व हाथ पर गंभीर चोट लगने वह नीचे गिर पड़ा। इसको देख आरोपी फरार हो गया। चिल्लाने की आवाज पर आए परिजन उसे उपचार के लिए चिकित्सालय ले गए। जहां से उसे परिजन आबूरोड़ चिकित्सालय में ले गए। सूचना मिलने पर पुलिस ने मिठिया पुत्र कालिया बुम्बडिया निवासी कुकावास की रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

### मकान से चंदन पेड़ चोरी

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के हाथीपोल थाना क्षैत्र में स्थित मकान से चोर चंदन पेड काट चुरा ले गया। पुलिस से प्राप्त जानकरी ट्रेंच कॉलोनी पंचवटी हाथीपोल निवासी भानूप्रताप पुत्र सतीश कुमार ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि 5 अगस्त को आए चोर मेरे मकान के परिसर में लगा चंदन पेड काट कर चुरा ले गए। इसका पता चलने पर पुलिस को सूचना कर प्रकरण दर्ज करवाया।

### मनीषी पं. नागर की पुण्यतिथि कल



**उदयपुर, (कासं)।** जनार्दनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ डीम्ड टू बी विश्वविद्यालय के संस्थापक मनीषी पंडित जनार्दनराय नागर की 27 वीं पुण्यतिथि पर शुक्रवार को प्रातः 10.30 बजे प्रतापनगर स्थित आईटी सभागार में पुष्पांजलि, स्मरणांजलि एवं शैक्षिक परिसंवाद के रूप में मनाई जायेगी। कुलपति प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत ने बताया कि तीनों परिसरों के कार्यकर्ताओं द्वारा जनुभाई की आदमकद प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर भारतीय ज्ञान परम्परा एवं नई शिक्षा नीति 2020 विषय पर शैक्षिक परिसंवाद का आयोजन किया जायेगा।

### सरकारी जमीन कब्जा मुक्त कराई

**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर विकास प्राधिकरण ने बुधवार को राजस्व ग्राम भुवाणा में करीब 50 करोड़ की सरकारी जमीन कब्जा मुक्त करवाई। उदयपुर के ही कुछ भूमाफिया इस जमीन को अवैध रूप से लोगों को बेच भी रहे थे।यूडीए तहसीलदार डॉ. अभिनव शर्मा ने बताया कि यूडीए क्षेत्राधिकार में स्थित राजस्व ग्राम भुवाणा में आराजी नंबर 2570,2571 व 2572 की भूमि जोकि अवाप्ति की जमीन थी और इसका मुआवजा भी दिया जा चुका है। इसी जमीन पर भूमाफियाओं ने कब्जा कर चारदीवारी बनाने के साथ ही छोटी छोटी पक्की कोटडि़यां भी बना दी। इस सरकारी जमीन को भूमाफियाओं ने प्लानिंग का रूप दे रखा था ताकि आसानी से भूखण्ड बेचे जा सके। यूडीए आयुक्त राहुल जैन के निर्देश पर यूडीए दल ने इस जमीन पर हुए अवैध निर्माण को ध्वस्त कर जमीन अपने कब्जे में ले ली। इस जमीन की वर्तमान में बाजार किमत करीब 50 करोड़ रूपए आंकी जा रही है। कार्रवाई टीम में आरआई बाबूलाल तेली,राजेंद्र सेन,बाबूलाल तावड़, पटवारी सुरपालसिंह सोलंकी, दीपक जोशी व ललित पटेल भी शामिल थे।

### सुखाड़िया विवि में रक्तदान शिविर

**उदयपुर, (कासं)।** मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय में बुधवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। उद्घाटन करते हुए कुलपति प्रो. सुनीता मिश्रा ने अपने उद्बोधन में कहा कि विश्वविद्यालय की पहचान न केवल उच्च कोटि की शिक्षा और अनुसंधान से होती है बल्कि विश्वविद्यालय द्वारा किये जा रहे सामाजिक कार्यों व जन उत्थान के कार्यों से भी होती है। विश्वविद्यालय का यह प्रयास आगे भी जारी रहेगा। रक्तदान शिविर का आयोजन सुखाड़िया विश्वविद्यालय के रेड रिबन क्लब, राष्ट्रीय सेवा योजना तथा भारत स्काउट एवं गाइड के तत्वावधान एवं आरएनटी मेडिकल कॉलेज के सहयोग से किया गया। शिविर में विवि शिक्षकों, कर्मचारियों, शोधार्थियों व विद्यार्थियों ने भाग लिया।

### प्रदर्शनी का शुभारंभ

**उदयपुर, (कासं)।** हर घर तिरंगा-2024 अभियान के तहत पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र के तत्वावधान में सूचना केंद्र स्थित कला दीर्घा में दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ बुधवार को सांसद डॉ.मन्नालाल रावत के मुख्य आतिथ्य में हुआ। डॉ रावत ने आजादी के दीवारों को समर्पित कलाकृतियों को निराहते हुए उनकी सराहना की और चित्रों के माध्यम से उद्घाटित होने वाले राष्ट्रभाव को आत्मसात करने का आव्हान किया। सांसद डॉ रावत ने सूचना केन्द्र की कला दीर्घा में लगाई गई प्रदर्शनी का फीता खोल कर उद्घाटन किया। इस दौरान पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र के उप निदेशक (कार्यक्रम) पवन अमरावत, सहायक निदेशक दुर्गेश चांदवानी, प्रशासनिक अधिकारी भूपेन्द्र कोठारी, प्रोग्राम एग्ज्यूकेटिव हेमंत मेहता ने सांसद को प्रदर्शनी का अवलोकन कराते हुए प्रदर्शित चित्रों की विषयवस्तु की जानकारी दी। डॉ. रावत ने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए चित्रों, वर्ण-विषय और सौंदर्य की मुक्तकंठ से सराहना की। प्रदर्शनी में पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र की ओर से आयोजित चित्रकला वर्कशॉप में देश के विभिन्न कलाकारों की ओर से तैयार की गई स्वतंत्रता सैनानियों की कृतियों को शामिल किया गया है। इससे पूर्व सांसद डॉ.रावत के सूचना केंद्र पहुंचने पर पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र के पवन कुमार अमरावत व संयुक्त निदेशक (जनसंपर्क) डॉ कमलेश शर्मा ने स्वागत किया। इस अवसर पर पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र के एनएल सालवी, सुनील निमावत, एपीआरओ विनय सोमपुरा व जयेश पण्ड्या सहित शहरवासी मौजूद रहे।

### धरोहर ने धारण की तिरंगी आभा

**उदयपुर, (कासं)।** स्वतंत्रता दिवस की 78वीं वर्षगांठ के अवसर पर मनाए जा रहे हर घर तिरंगा अभियान के तहत भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग की ओर से ऐतिहासिक धरोहरों को तिरंगे की आभा से सुभाषित किया गया है। इसी कड़ी में पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग जोधपुर मंडल की ओर से उदयपुर जिले के नागदा में स्थित ऐतिहासिक सहस्त्रबाहु विष्णु मंदिर (सास-बहु का मंदिर) पर की गई तिरंगा विद्युत सज्जा।

## सार-समाचार

### हर घर तिरंगा महोत्सव का आयोजन



**उदयपुर, (कासं)।** पेसिफिक यूनिवर्सिटी के इंजीनियरिंग संकाय, पैसिफिक कॉलेज ऑफ बेसिक एंड एप्लाइड साइंस और कंप्यूटर साइंस संकाय ने 14 अगस्त को हर घर तिरंगा महोत्सव का भव्य आयोजन किया। यह महोत्सव आजादी का अमृत महोत्सव के तहत सरकार द्वारा चलाए जा रहे हर घर तिरंगा अभियान के समर्थन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में डीन पी.जी. स्टडीज प्रो. हेमंत कोठारी ने हर घर तिरंगा महोत्सव के महत्व पर प्रकाश डालते हुए, इसके पीछे के राष्ट वादी संदेश को साझा किया। उन्होंने कहा कि तिरंगा सिर्फ एक ध्वज नहीं, बल्कि हमारे देश की आजादी और एकता का प्रतीक है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संकाय के चेयरमैन, प्रो. दिलेंद्र हीरान ने छात्रों को इस अभियान के प्रति प्रेरित किया और उन्हें अपने घरों में तिरंगा फहराने का आव्हान किया। उन्होंने बताया कि हर घर तिरंगा महोत्सव के माध्यम से हम देश के प्रति अपने प्रेम और समर्पण को व्यक्त कर सकते हैं। कार्यक्रम में सभी छात्र और संकाय सदस्य उपस्थित रहे, जिन्होंने इस महोत्सव में भाग लेकर देशभक्ति की भावना को प्रबल किया। सभी ने मिलकर हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया।

### शव की 15 दिन बाद भी नहीं हुई अंत्येष्टि

**उदयपुर, (कासं)।** सराड़ा थाना क्षेत्र में संदिग्ध हालत में मिले नाबालिग के शव का 15 दिन बाद भी अंतिम संस्कार नहीं हुआ है। परिजनों ने मृतक नाबालिग का शव जमीन में गाढ़ा हुआ है। परिजनों का कहना है कि उनकी मृतक बेटी को जब तक न्याय नहीं मिल जाता। वे उसके शव का अंतिम संस्कार नहीं करेंगे। परिजनों का आरोप है कि उनकी बेटी के साथ दुष्कर्म हुआ है और उसके बाद उसकी हत्या कर दी गई।आरोपियों ने इस हत्या को सुसाइड का रूप देने के लिए उसे फंदे पर लटका दिया। परिजनों ने इस संबंध में सलूम्बर एसपी अरशद अली को ज्ञापन देकर मामले में जांच की मांग की है। साथ ही मृतक नाबालिग के शव का विस्तृत पोस्टमार्टम कराने के लिए कहा है। इस संबंध में एसपी ने डिप्टी मदन बिश्नोई को जांच कराने के निर्देश दिए।उल्लेखनीय है कि गत 31 जुलाई 2024 को नाबालिग युवती का शव उसके घर पर फंदे पर लटका मिला था। युवती के परिजन खेत पर काम करने गए थे। आसपास लोगों ने परिजनों को सूचना दी। जिसके बाद पुलिस भी मौके पर पहुंची। एडवोकेट नरेन्द्र जोशी ने बताया कि युवती संदिग्ध हालत में फंदे पर लटकी मिली। इस दौरान मृतक के घुटने फर्श से टच हो रहे थे। उस हालत में सुसाइड कर पाना संभव नहीं है। ऐसे में आशंका है कि उसकी हत्या कर इसे सुसाइड का रूप दिया गया है। मामले में सराड़ा थानाधिकारी को जांच कर आगे कार्रवाई करनी चाहिए लेकिन कोई जांच नहीं हो रही।

### सर्व हिन्दू समाज का प्रदर्शन

**उदयपुर, (कासं)।** बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले के विरोध में बुधवार को उदयपुर में हिंदू संगठनों की और से स्वैच्छिक बंद का आव्हान किया। इसके तहत उदयपुर शहर में सुबह कलेक्ट्रेट के बाहर हिंदू संगठनों ने प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की। सुबह करीब 11 बजे तक शहर के बाजारों में दुकानदार नहीं पहुंचे और कई दुकानदार इस प्रदर्शन में शामिल हुए। इससे पहले टाउनहाल परिसर में सभी संगठनों के लोग एकत्रित हुए। शहर के बापूबाजार से लेकर मंडी में कई दुकानें खुली थी तो कई दुकानें 11 बजे तक बंद रही। इसी तरह शहर के उपनगरीय इलाकों में भी कई जगह स्वैच्छिक बंद के चलते कुछ समय कुछ दुकानदारों ने अपना व्यापार बंद रखा और कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन में शामिल हुए। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में हिंदू संगठनों ने प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन सौंपें। कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन करने के बाद राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल,मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर अरविन्द पोसवाल को ज्ञापन दिया। इस दौरान उदयपुर सांसद डॉ. मन्नालाल रावत,बजरंग सेना के मेवाड़ प्रमुख कमलेन्द्र सिंह, सुनील कालरा, करणवीर सिंह राठौड़, पुखराज पुरोहित, सुरेश चौहान, मोहन सिंह राठोड, मुकेश खटीक आदि उपस्थित थे।

### एबीवीपी ने वीसी का पुतला फूंका

**उदयपुर, (कासं)।** सुखाड़िया विश्वविद्यालय में काफ़ी दिनो से चल रहे विरोध प्रदर्शनो में बुधवार अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने कुलपति सुनीता मिश्रा का विवि के द्वार के बाहर प्रदर्शन कर पुतला फूंका। महानगर मंत्री पुष्पेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया की जनजाति क्षेत्र से आने वाली छात्रा जिस पर वीसी द्वारा अभद्र टिप्पणी की गई वो निंदनीय है। इसको लेकर एबीवीपी द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया। वहीं मीरा कन्या महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा महाविद्यालय द्वार पर प्रदर्शन कर पुतला दहन किया गया। इकाई अध्यक्ष रोनकराज सिंह शक्तावत ने बताया कि जब तक वीसी सार्वजनिक रूप से छात्रा से माफ़ी नहीं माँग लेती तब तक परिषद वीसी के तानाशाही के विरोध में प्रदर्शन करती रहेगी। प्रदर्शन में महानगर सह मंत्री प्रवीण टाँक , केहित सेवक,पार्थ दीक्षित, चिराग दहिमा, विवेक पाटिदार, अंकित खटीक व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### दुकान से सामान चोरी

**उदयपुर, (कासं)।** हाथीपोल थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ दुकान का ताला तोड़ कर सामान चुरा ले जाने का प्रकरण दर्ज किया है।पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार हाथीपोल थाना क्षैत्र लौहा बाजार स्थित बाउजी आयरन की दुकान का24 जुलाई रात में अज्ञात चोर ताला तोड़ कर प्रोफाईल शीट 15 फीट के 35 पीस, प्रोफाईल शीट 18 फीट के 35 पीस, प्रोफाईल शीट 14 फीट के 3 पीस, स्क्रू बाक्स 20 नंग, शीट 16 फिट के 50 पीस, शीट 14 फिट के 80 शीट, 12 फाईबर के 25 शीट, पोली कार्बोनेट 50 शीट, ठीन प्रोफाईल लोहे की 5,चुरा ले गए। इसका पता चलने पर पड़ताल की तो झाड़ोल क्षैत्र निवासी प्रभूलाल व साथियों द्वारा वारदात करने की जानकारी सामने आई। इस मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है।

### कंटेनर से माल चोरी

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के सुखेर थाना क्षैत्र में कंटेनर से अज्ञात चोर सामान चुरा ले गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसर पीडित मनीत गोयल पुत्र पवन गोयल निवासी न्यू अशोक विहार खारा कुंआ 100 फीट रोड़ सुखेर ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित नेबतायाा कि मेरा 200 फीट रोड़ भैरवगढ रोड़ पर मेरी कंस्ट्रक्शन साईड चल रही है। जहां 10 अगस्त को कंटेनर माल लेकर आया तथा मौके पर खड़ा किया था। रात के समय अज्ञात चोर कंटेनर का ताला तोड़ कर एसी, कम्प्रेशर, प्रिंटर, विद्युत तार सहित अन्य सामान चुरा ले गए। इसका पता चलने पर पुलिस को सूचना कर प्ररकण दर्ज करवाया।

### विदेशी का शव सौंपा

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के नाई थाना क्षैत्र में इटालियान नागरिक की अकाल मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार नाई थाना क्षैत्र होटल फतहगढ में ठहरे इटालियन नागरिक अल्फ्रेड टेरिस (84) रूका हुआ था। जो चैक आउट कर बस में बैठने के लिए रवाना हुआ। जिसकी अचानक तबीयत खराब होने पर रास्ते में गिर पड़ा। इसको देख परिजन उसे 108 की मदद से एमबी चिकित्सालय पहुंचाया।जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने होटल मैनेजर देवेन्द्रसिंह पुत्र रणजीतसिंह राजपूत की रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज किया। इस पर नाई थानाधिकारी नरपतसिंह ने मृतक का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।

### वृद्धा की चेन छीनी

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के सविना थाना क्षैत्र में बदमाश वृद्धा के गले से सोने की चेन छिन ले गया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित आशा सिंघवी पत्नी ऋषभ सिघवी निवासी हिरणमगरी सेक्टर 11 ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडिता ने बताया कि 13 अगस्त सांय आलोक स्कूल के पिछे पैदल भ्रमण कर रही थी। इस दौरान दूर स्कूटी खड़ी कर मेरे पास आया बदमाश गले पर झपट्टा मार सोने की चेन छीन ले गया। चिल्लाने पर बदमाश स्कूटी लेकर फरार हो गया।